# प्रसार भारती

## आकाशवाणी केन्द्र शिमला

02.01.2026 15:00 बजे

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजधानी शिमला में 3 से 5 जनवरी तक आयोजित होने जा रहे एमएसएमई फेस्ट–2026 से प्रदेश में उद्यमिता और एमएसएमई क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने शिमला में कहा कि ये फेस्ट प्रदेश के लघु, शूक्ष्म और मध्यम उद्यमों को राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच बनाने के अवसर प्रदान करेगा। साथ ही छोटे उद्यमियों, कारीगरों और स्टॅार्टटप के सपनों को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि एमएसएमई फेस्ट पहाडों का हूनर–अब वैश्विक मंच पर–थीम से आयोजित किया जा रहा है।

## इलेक्ट्रोनिक विनिर्माण

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रोनिक घटक विनिर्माण योजना के तीसरे चरण के अंतर्गत 22 नए प्रस्तााेवों को मंजूरी दे दी है। इसमें लगभग 41 हजार आठ सौ 63 करोड़ रूपये के निवेश का अनुमान है। इन प्रस्तावों में मोबाइल निर्माण, दूरसंचार, उपभोक्ता इलेक्ट्रोनिक, रणनीतिक इलेक्ट्रोनिक, ऑटोमोटिव और सूचना प्रौद्योगिकी हार्डवेयर सहित 11 क्षेत्र –उत्पादों का निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं से दो लाख 58 हजार करोड़ रूपये का उत्पादन होने तथा प्रत्यक्ष रूप से लगभग 34 हजार नौकरियां सृजित होने की आशा है। केंद्रीय इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रमुख सुधारों को लागू करना और कार्यान्वयन में तेजी लाना मोदी सरकार की पहचान है।

## इयर एंडर

वर्ष 2025 भारत के विकास पथ में एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष नीतियों ने प्रगति को नई धार दी और इरादों ने दिए सार्थक परिणाम। आज विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में प्रस्तुत है 2025 के दौरान प्रौद्योगिकी क्षेत्र में भारत की प्रगति की चर्चा। वीओ..................पेश है एक रिपोर्ट.....2025 में भारत ने अपनी वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा में एक महत्वपूर्ण मोड़ हासिल किया। इस वर्ष कृत्रिम बुद्धिमत्तादृए.आई. में बड़ी प्रगति हुई। इंडिया ए.आई. मिशन के तहत सरकार ने नैतिक मानव केंद्रित ए.आई. प्रणाली बनाने के लिए दस हजार करोड रुपए से अधिक का निवेश किया है। हाल ही में स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय की 2025 ग्लोबल ए.आई. वाइब्रेंसी रैंकिंग में भारत तीसरे स्थान पर पहुंच गया। 2025 में सेमीकंडक्टर और उन्नत विनिर्माण में भी निर्णायक प्रगति हुई। पिछले वर्ष नोएडा और बेंगलुरु में तीन नैनोमीटर चिप डिजाइन के लिए दो केंद्र शुरू किए गए। इसी तरह पिछले साल सितंबर में देश की पहली स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम 32 बिट चिप को सेमीकॉन इंडिया 2025 कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पेश किया गया। इस साल अंतरिक्ष और रणनीतिक तकनीकों में भी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की गईं। दुनिया के सबसे अग्रिम

पृथ्वी अवलोकन रडार सैटेलाइट निसार का सफल लॉन्च, भारतदृअमरीका के बीच एक ऐतिहासिक सहयोग था। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले महीने हैदराबाद में स्काई रूट एयरोस्पेस के नए इंफिनिटी परिसर का भी उद्घाटन किया और कंपनी के पहले ऑर्बिटर रॉकेट विक्रम–1 का अनावरण किया। 2025 में परमाणु ऊर्जा विधायक, जिसे शांति के नाम से जाना जाता है। इस कदम से पहली बार इस क्षेत्र में निजी भागीदारी के लिए रास्ते खुले। कुल मिलाकर इन विकास कार्यों ने 2025 को तकनीकी आत्मनिर्भरता के वर्ष के रूप में रेखांकित किया।

**संदीपनी भारद्वाज**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संदीपनी भारद्वाज ने एचपीएमसी के माध्यम से किसानों बागवानों को समय पर खाद सामग्री उपलब्ध न होने पर चिंता जताई है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में प्रदेश के बागवान परेशान हैं और सरकार की कथित "बागवान उत्थान" की सभी गारंटियां पूरी तरह विफल साबित हो चुकी हैं। संदीपनी भारद्वाज ने कहा कि एचपीएमसी के भंडार खाली पड़े हैं और सेब बागवानी के इस अहम समय में स्प्रे ऑयल व अन्य आवश्यक खाद सामग्री उपलब्ध न होना सरकार की नाकामी को दर्शाता है। उन्होंने एचपीएमसी के माध्यम से तुरंत खाद उपलब्ध करवाने का सरकार से आग्रह किया है।

**एग्रो स्टॉक योजना**

केन्द्र सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए एग्रो स्टॉक योजना शुरू की गई है। इस योजना में किसानो को पंजीकरण करवाना अनिवार्य किया गया है और योजना में पंजीकरण न करवाने पर किसानों को किसान सम्मान निधि की प्रतिवर्ष 6 हजार मिलने वाली राशि बंद हो जायेगी। सोलन के जिला कृषि अधिकारी डॉ. अरुण शर्मा ने बताया कि इस योजना में किसान स्वयं भी एग्री हिमाचल पर जाकर पंजीकरण कर सकते है या अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र में निशुल्क पंजीकरण करवा सकते है। अरुण शर्मा ने बताया कि योजना के तहत बनी यूनिक आईडी से किसान अन्य उपदान भी सहजता से ले सकते हैं।

---